कृषि महाविद्यालय

(एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

पीथमपुरी, जिला-नीमकाथाना- 332 708

आज़ादी का अमृत महोत्सव

डॉ. बी. एल. जाट
अधिष्ठाता

ईमेल- *dean.coapeethampuri@sknau.ac.in*

सं. प ( )/कृमविपी/2024-25/1414 दिनांक: 10.06.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी के कृषि फार्म की लगभग 4-5 हैक्टेयर भूमि में खरीफ फसलों की हिस्सा आधारित खेती करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा सीलबंद लिफाफे में दिनांक 18.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा उसी दिन महाविद्यालय की निविदा समिति द्वारा दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जावेगी।

हिस्सा आधारित खेती हेतु निम्न शर्तें होंगी:

1. कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी द्वारा ट्रेक्टर (डीजल सहित), कृषि यंत्र, बीज, खाद, खरपतवार नाशक, कीटनाशक दवाई उपलब्ध करवाई जाएगी।
2. फसल/बीज उत्पादन के लिए खेत की तैयारी से लेकर थ्रेसिंग व उत्पादन को महाविद्यालय तक पँहुचाने तक के सभी कार्य निविदादाता/ठेकेदार को करने होंगे।
3. फसलों का चुनाव व बुवाई संबंधित निर्णय प्रभारी अधिकारी के निर्देशानुसार करने होंगे।
4. हिस्सेदार को राशि रु. 1000 प्रति हैक्टेयर के हिसाब से की अमानत राशि के तौर पर महाविद्यालय में जमा करवाने होंगे जो कार्य समाप्ति के बाद वापस लौटा दिए जायेंगे।
5. फार्म की चौकीदारी, पशु पक्षियों से रखवाली, फसलों के आस पास की सफाई हिस्साधारक को करनी होगी।
6. उत्पादित फसल/बीज का वजन तोलते समय नमी व कचरे का 2 प्रतिशत काटा जाएगा।
7. हिस्सेदार को उसके हिस्से का चारा दिया जावेगा व बीज उपज का उस महिने के अधिकतम नजदीकी मंडी भाव से भुगतान किया जायेगा।
8. यदि हिस्साधारक कृषि कार्य समय पर या ठीक से नहीं करता है तो उसकी अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी तथा उसका हिस्सा तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा।
9. इस निविदा का अनुबंध केवल खरीफ सीजन (2024) के लिए ही होगा।
10. मौसम या अन्य किसी कारण से यदि फसल खराब होती है तो हिस्साधारक को श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाएगा।

11. कृषि कार्य के दौरान हिस्साधारक व उसके श्रमिकों के साथ किसी भी तरह की दुर्घटना होती है तो वे इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
12. कृषि कार्य इंचार्ज/मैनेजर की देखरेख में उनके बताये अनुसार समय पर करना होगा।
13. निनिदादाता को अपने निविदा कार्य की दर प्रतिशत हिस्सेदारी के रूप में देनी होगी।
14. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

नोट: निविदादाता निविदा से पूर्व एक बार महाविद्यालय फार्म का अवलोकन अवश्य कर लेवें।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि:

1. श्रीमान प्रभारी, सिमका, एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित करके लेख है कि इस निविदा को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें।
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक, एस .के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. निविदा समिति, कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी।
4. लेखा शाखा, कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी।
5. सूचना पट्ट/ ग्राम पंचायत ।

अधिष्ठाता

निविदा कोटेशन प्रपत्र

दिनांक: ....

श्रीमान अधिष्ठाता महोदय
कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी
नीमकाथाना (राज.)

विषय: हिस्सा आधारित खेती हेतु निविदा बाबत।

महोदय ,

मैं, आपके कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी (नीमकाथाना) के फार्म पर खरीफ की फसलों की हिस्सा आधारित खेती करने हेतु निविदा सूचना सं. प ( )/कृमविपी/2024-25/1414 दिनांक 10.06.2024 के सम्बन्ध में समस्त शर्तों के अनुसार खरीफ की फसलों की हिस्सा आधारित खेती करने हेतु निम्न हिस्सेदारी में सहमत हूँ :

क्र. सं.	**कार्य का विवरण**	**प्रतिशत हिस्सेदारी**	
1.	कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी (नीमकाथाना) के फार्म पर खरीफ की फसलों की हिस्सा आधारित खेती करने हेतु	महाविद्यालय का हिस्सा (% में)	निविदादाता का हिस्सा(% में)
	1. ग्वार		
	2. बाजरा (देशी किस्म)		
	3. बाजरा (संकर किस्म)		

नोट: निविदादाता अपनी पहचान से सम्बंधित दस्तावेज की एक सत्यापित प्रति अवश्य सलंग्न करें।

हस्ताक्षर निविदादाता

नाम :..

पूर्ण पता:...

....

मोबाइल नं.:...................................

आधार नंबर:..................................